हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in *Website: www.durguniversity.ac.in* *Phone 0788-2359100*

क्र. 1309 / कुलसचिव कार्या. / 2023 दुर्ग, दिनांक : 25 / 05 / 2023

/ / सूचना / /

05 जून विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के संदर्भ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा छात्र–छात्राओं एवं आम नागरिकों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा 05 जून 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित विषय पर दो समूहों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रथम समूह में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित छात्र–छात्राएं, शोधार्थी शामिल होंगे एवं द्वितीय समूह में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले 07 जिलों– दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, बालोद, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी के निवासी कोई भी आम नागरिक इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी नियमावली निम्नानुसार है–

1. निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा किया जायेगा। चयन समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। इस पर किसी भी प्रकार का कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सकेगा।
2. निबंध प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद के स्थिति में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
3. निबंध प्रतियोगिता का विषय **''छत्तीसगढ़ में पर्यावरणीय प्रबंधन'' (ENVIRONMENTAL MANAGEMENT IN CHHATTISGARH)** रखा गया है।
4. निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी को ए4 साईज के कोरे अथवा लाईनिंग कागज पर अधिकतम एक हजार शब्द तथा न्युनतम छः सौ शब्दों का हस्तलिखित निबंध लिखकर (हिन्दी / अंग्रेजी) भाषा में दिनांक 01 जून गुरूवार शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ईमेल आईडी **events@durguniversity.ac.in** पर भेजना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी को निबंध को केवल सॉफ्ट कॉपी में ही भेजना है विश्वविद्यालय में हार्डकॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।
5. निबंध लेखन को प्रभावशाली बनाने हेतु प्रतिभागी निबंध के बीच–बीच में विषय से संबंधित छाया चित्रों का भी प्रयोग कर सकते हैं।

6. निबंध में किसी भी धर्म, साम्प्रदाय, जाति, वर्ण अथवा किसी व्यक्ति विशेष या किसी राजनीतिक दल आदि पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करना पूर्ण रूप से वर्जित होगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित प्रतिभागी की प्रविष्टि निरस्त कर दी जायेगी।
7. दोनों समूहों में 05–05 विजेताओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।
8. इस निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों हेतु उम्र का कोई बंधन नहीं है।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग